# आचार संहिता और नैतिकता
# हित ं के टकराव के बारे में नीति

ETHICS & LEGAL COMPLIANCE | ISSUED: November 1, 2016 – REVISED: April 14, 2025

Magna के कर्मचारिय ं को Magna के सर्वोत्तम हित में काम करना चाहिए। आपके निजी हित ं का व्यवसाय संबंधी फ़ैसल ं पर कोई प्रभाव नहीं होना चाहिए, और न ही ऐसा कोई प्रभाव नज़र आना चाहिए। यह नीति Magna International Inc. और इसके सभी संचालन समूह ं, विभाग ं, संयुक्त उद्यमों और अन्य वैश्विक संचालनों (सामूहिक रूप से, "Magna") पर लागू होती है। यह नीति उन सभी व्यक्तिय ं पर भी लागू होती है जो Magna की ओर से कार्य करते हैं, जिनमें कर्मचारी, अधिकारी, निदेशक, सलाहकार और एजेंट शामिल हैं।

## परिभाषाएँ

इस नीति के अंतर्गत:

- "**हितों का टकराव**" (या "**टकराव**") का व्यापक अर्थ है। आम तौर पर यह एक ऐसी परिस्थिति है जहाँ आप Magna के लिए व्यावसायिक फ़ैसला लेने में सक्षम हैं या फ़ैसले को प्रभावित कर सकते है जबकि आपके निजी हित, या आपसे संबंधित पक्षों के हित, Magna के हितों से अलग हो सकते हैं।
- "**संबंधित पक्ष**" का अर्थ है, क ई ऐसा व्यक्ति, जिससे आपका व्यक्तिगत संबंध है और जो आपके व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित कर सकता है या जिसके प्रभावी होने की संभावना हो सकती है। उदाहरण ं में परिवार के सदस्य, प्रेमी/प्रेमिका, मित्र, या पूर्व सहकर्मी, क्लासमेट और निय क्ता शामिल हैं।
- एक व्यक्ति व्यापार में "**महत्वपूर्ण हित**" रखता है अगर वह (i) सीधे या पर क्ष रूप से व्यापार के दस प्रतिशत (10%) या उससे ज़्यादा शेयर, संपत्ति या दूसरे हितों पर नियंत्रण रखता हो; (ii) व्यापार में संचालक भूमिका में हो; या (iii) उसे व्यापार और Magna के संबंध ं से लाभ होता हो।

## आपके टकराव का खुलासा करना

अगर आपका हितों का टकराव चल रहा है या आपको लगता है कि आपका हितों का टकराव उत्पन्न होने की संभावना है (या दूसर ं द्वारा इसे उचित रूप से महसूस किया जा सकता है), तो आपको उस टकराव का खुलासा करना होगा, टकराव का कारण बन रही उस स्थिति से आपक तुरंत ही खुद क  हटाना होगा और आगे के कदम उठाने से पहले आपक  अनुम दन प्राप्त करना होगा। टकराव का खुलासा करने और मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया **अनुपालन नियंत्रण प्रक्रिया** - **हितों के टकराव** (या "**प्रक्रिया**") में समझाई गई है, जो MagNET पर उपलब्ध है।

परिस्थितिय ं के अनुसार, Magna टकराव को अनुम दित करने का निर्णय ले सकती है। मंजूरी प्राप्त करने के लिए कुछ कदम ं को लागू किया जा सकता है, जिनका पालन उन सहकर्मिय ं द्वारा किया जाएगा, जो उसी टकराव का सामना नहीं कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मंज़ूरी Magna के सर्वोत्तम हित में है।

## टकराव ं के सामान्य प्रकार

हितों का टकराव अक्सर इन स्थितिय ं में पैदा होता है।

### *कार्यस्थल में व्यक्तिगत संबंध*

अगर आप संबंधित पक्ष का प्रबंधन करते हैं, या उससे प्रबंधित होते हैं (जैसे, अपने जीवनसाथी की निगरानी करने वाला क ई व्यक्ति), तो आप टकराव की स्थिति में हैं। अगर आप किसी अन्य व्यक्ति की नियुक्ति, निगरानी करते हैं या उनके प्रदर्शन मूल्यांकन, वेतन, लाभ या उन्नति को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं, तो आप उनका प्रबंधन करते हैं। संबंधित पक्ष का सीधे प्रबंधन करना या उससे रिपोर्टिंग संबंध वर्जित है।

अगर आपने संबंध का खुलासा किया है और प्रक्रिया के तहत मंजूरी प्राप्त की है, तो आप एक संबंधित पक्ष का अप्रत्यक्ष रूप से प्रबंधन कर सकते हैं (जैसे, किसी व्यक्ति की बेटी का उनके प्रत्यक्ष रिपोर्ट द्वारा निगरानी करना)।

### *खुद से निपटना*

अगर आप Magna और एक ऐसे व्यवसाय के बीच एक व्यवसाय संबंध क  मंजूर या निर्देशित करते हैं जिसमें आपका महत्वपूर्ण हित है, तो आप टकराव की स्थिति में हैं। जैसे, अगर एक सहायक महाप्रबंधक अपने सह-स्वामित्व वाले किसी वेंडर क  व्यवसाय देता है, तो यह टकराव की स्थिति होगी।

कभी भी किसी तृतीय-पक्ष के साथ आपके व्यावसायिक संबंध क  आपके या संबंधित पक्ष के व्यक्तिगत लाभ के लिए, या लाभ के बदले में (जैसे, किसी प्रकार के कमीशन के लिए), स्वीकृत या प्रबंधित नहीं करना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए Magna की **रिश्वतखोरी और अनुचित भुगतान नीति** क  देखें।

### *संबंधित पक्ष के साथ लेनदेन*

अगर आप Magna और एक ऐसे व्यवसाय के बीच एक व्यवसाय संबंध क  मंजूर या निर्देशित करने की स्थिति में हैं जिसमें आपके संबंधित पक्ष का महत्वपूर्ण हित है, तो आप टकराव की स्थिति में हैं। जैसे, अगर एक महाप्रबंधक अपने डिविज़न और अपने पुत्र के स्वामित्व वाली कंपनी के बीच एक व्यवसाय संबंध क  मंजूरी देती है, तो यह टकराव की स्थिति होगी।

### *बाहरी पद*

अगर आप किसी बाहरी पद पर हैं या अपने खुद के व्यवसाय सहित किसी ऐसे उपक्रम में संलग्न हैं, जो Magna में आपकी नौकरी के काम के लिए पूरा समय देने और ध्यान देने से र कता है, तो यह एक टकराव की स्थिति है। जैसे, अगर एक इंजिनियर Magna के काम के घंट ं के दौरान अपना खुद का परामर्श व्यवसाय विकसित करने में काफ़ी समय खर्च करता है, तो यह टकराव की स्थिति होगी।

हमारे उपाध्यक्ष, नैतिकता और मुख्य अनुपालन अधिकारी द्वारा अधिकृत बेहद सीमित परिस्थितिय ं को छ ड़कर आप Magna के ग्राहकों, प्रतिय गिय ं या सप्लायर ं के साथ क ई भी (वैतनिक या अवैतनिक) पद ग्रहण नहीं कर सकते। अन्य बाहरी पदों के लिए, आपको उसका खुलासा करना होगा और प्रक्रिया के तहत लिखित मंजूरी प्राप्त करनी होगी।

### *कॉर्पोरेट अवसर ं और संसाधन ं का उपयोग करना*

अगर आप Magna में अपने पद या, Magna की संपत्ति या जानकारी का उपय ग करके प्राप्त अवसरों का उपय ग अपने लिए या किसी संबंधित पक्ष के लिए करते हैं, तो यह एक टकराव की स्थिति है (इसमें कर्मचारी लाभ और सुविधाएं, या Magna की **उपहार और मनोरंजन नीति** के तहत आने वाले उपहार और मन रंजन शामिल नहीं हैं)।

जैसे, अगर एक कर्मचारी अपनी डिविज़न के कैफ़ेटेरिया का इस्तेमाल पारिवारिक मिलन समार ह के लिए करता है, तो यह टकराव की स्थिति होगी। अगर एक कर्मचारी अपने पति के व्यवसाय के लाभ के लिए Magna के किसी व्यवसाय अवसर के बारे में जानकारी साझा करती है, तो यह भी टकराव की स्थिति होगी।

## उल्लंघन

Magna अनुपालन संबंधी किसी भी उल्लंघन क  सहन नहीं करेगी। किसी भी उल्लंघन क  गंभीर मामला माना जाएगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी जिसमें नौकरी की समाप्ति भी शामिल है।

अगर आपको यह पता हो या संदेह हो कि क ई व्यक्ति Magna के आचार संहिता और नैतिकता या इस नीति का उल्लंघन कर रहा है (उदाहरण के लिए, अगर आपको यह पता हो कि किसी ने टकराव का खुलासा नहीं किया है), तो आपको अपनी चिंता रिपोर्ट करनी चाहिए, जिसे आप (i) अपने प्रबंधक; (ii) समूह या Regional Legal Counsel; (iii) Regional Compliance Officer; (iv) Magna के VP, Ethics & Chief Compliance Officer या (v) Magna हॉटलाइन क  सूचित करके कर सकते हैं।

Magna इस बात के लिए प्रतिब    है कि एक ऐसी संस्कृति क  समर्थन दिया जाए, जहां संभावित उल्लंघन ं के बारे में चिंता बिना किसी प्रतिश ध के डर के व्यक्त की जा सके। इसी कारण से, Magna की **प्रतिशोध-रोधी नीति** ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिश ध क  प्रतिबंधित करती है, जो ईमानदारी से और सद्भाव रखते हुए क ई समस्या बताता है।

## उपयोगी सुझाव

## हमेशा...

- यह सोचें कि क्या आपके क ई ऐसे व्यक्तिगत हित हैं, जो Magna की ओर से किए गए या सुझाए गए व्यावसायिक निर्णय ं को प्रभावित करते हैं।
- Magna की ओर से उठाए गए आपके किसी भी कदम को अगर अखबार के पहले पन्ने या सोशल मीडिया पर रिपोर्ट किया जाए, तो उसे किस तरह से देखा जा सकता है, इस बारे में विचार करें। अगर जनता को ऐसा लगता है कि आपको अपने कदम ं से लाभ हुआ है, तो यह संभवतः टकराव की स्थिति है।
- अपने टकराव का जितनी जल्दी हो सके खुलासा करें और आगे क ई कदम उठाने से पहले मंजूरी प्राप्त करें।
- हमारी आचार संहिता और नैतिकता या इस नीति के किसी भी संदिग्ध उल्लंघन को रिपोर्ट करें।
- शक होने पर अपने प्रबंधक, किसी ग्रुप, क्षेत्रीय या कॉर्पोरेट वकील या Regional Compliance Officer से बात करें।

## यह कभी नहीं करें...

- हमारे VP, Ethics & Chief Compliance Officer की लिखित पूर्व अनुमति के बिना किसी Magna सप्लायर, ग्राहक या प्रतिस्पर्धी के साथ दूसरी नौकरी करना। सिर्फ़ अपवाद परिस्थितिय ं में ही ऐसी अनुमति दी जाएगी।
- टकराव का खुलासा किए बिना और मंजूरी प्राप्त किए बिना Magna और किसी ऐसे व्यवसाय के बीच व्यवसायिक संबंध में प्रवेश करना या उसका समर्थन करना, जिसमें आपका या आपके संबंधित पक्ष का महत्वपूर्ण हित हो।
- टकराव का खुलासा किए बिना और मंजूरी प्राप्त किए बिना अपने संबंधित पक्ष को नियुक्त करना या इसके लिए समर्थन देना।
- टकराव का खुलासा किए बिना और मंजूरी प्राप्त किए बिना, ऐसा क ई बाहरी पद स्वीकार करना, जिसमें Magna के कार्य समय के दौरान आपके समय और ध्यान का एक बड़ा हिस्सा लगाने की आवश्यकता हो।
- अपने या अपने संबंधित पक्ष के लाभ के लिए, बिना टकराव का खुलासा किए और मंजूरी प्राप्त किए Magna की संपत्ति या जानकारी का उपय ग करके या Magna में अपने पद के कारण प्राप्त अवसर ं का उपय ग करना।

## अतिरिक्त जानकारी

अधिक जानकारी या सलाह के लिए, अपने ग्रुप या Regional Legal Counsel, Regional Compliance Officer या Magna के VP, Ethics & Chief Compliance Officer से संपर्क करें।

| | |
|---|---|
| Issued: | November 1, 2016 |
| Revised: | April 14, 2025 |
| Next Review: | Q1 2028 |
| Issued By: | Ethics & Legal Compliance |
| Approved By: | Chief Compliance Officer, on behalf of Magna Compliance Council |